This question paper contains 16 printed pages]

Roll No. | | | | | | | | | | |

S. No. of Question Paper : **5536**

Unique Paper Code : **241502** **F**

Name of the Paper : **Financial Management**

Name of the Course : **B.Com. (Hons.) (CH-5.2)**

Semester : **V**

Duration : **3 Hours** Maximum Marks : **75**

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

**Note :** Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

**टिप्पणी :** इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेज़ी **या** हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए ।

Attempt *All* questions.

*All* questions carry equal marks.

Use of simple calculator is allowed.

**सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिये ।

**सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।

साधारण कैल्कुलेटर के प्रयोग की अनुमति है ।

1. (*a*) "Despite being conceptually unsound, payback period is very popular in business as a criteria for assigning priorities to investment projects." Explain. 5

P.T.O.

"संकल्पनात्मक रूप में अदृढ़ होने के बावजूद, पेऑफ की अवधि निवेश की परियोजनाओं को प्राथमिकता देने के लिए निकष के रूप में, अत्यंत लोकप्रिय है ।" व्याख्या कीजिए ।

(b) ABC Ltd. is trying to decide whether it should replace a manually operated machine with a fully automated machine of the same version. The existing machine purchased 5 years ago, has a book value now ₹ 1,00,000 and remaining life of 10 years. The existing machine can now be scrapped away for ₹ 50,000. There is a proposal to replace the existing machine with the new automatic machine which has a cost price of ₹ 3,00,000. The new machine has expected to have 10 years of life with a salvage value of ₹ 60,000. The new machine have a cost savings in materials of ₹ 50,000 per year. The tax rate is 40% and cost of capital is 11%. Depreciation would be provided as per straight line method.

Should the machine be replaced ? 10

ABCD लिमिटेड यह तय करने का प्रयत्न कर रही है कि उसे हाथ से चलाए जाने वाली मशीन को समान रूप वाली पूर्णत: स्वचालित मशीन द्वारा प्रतिस्थापित कर देना चाहिए । मैजूदा मशीन 5 वर्ष पहले खरीदी गई थी और इसका खाता मूल्य ₹ 1,00,000 है तथा शेष जीवन 10 वर्ष है । मौजूदा मशीन को स्क्रैप के रूप में ₹ 50,000 में बेचा जा सकता है । इस मशीन को नई स्वचालित मशीन द्वारा प्रतिस्थापित करने का

प्रस्ताव है जिसका लागत मूल्य ₹ 3,00,000 है । नई मशीन के 10 साल के जीवन की आशा है और निस्तारण मूल्य ₹ 60,000 है । नई मशीन से लागत में बचतें सामग्री में ₹ 50,000 प्रति वर्ष होगी । कर की दर 40% और पूँजी की लागत 11% है । मूल्यह्रास सीधी रेखा विधि से लगाया जाएगा ।

क्या मशीन को प्रतिस्थापित कर देना चाहिए ?

*Or*

**(अथवा)**

(*c*) "Incorporation of Time value of money helps financial manager in taking better decisions." Examine. 5

मुद्रा के समय-मूल्य का निगमन, वित्तीत प्रबंधक को बेहतर निर्णय लेने में मदद करता है ।

(*d*) A company is considering as to which of the two mutually exclusively projects it should undertake. Project A costs ₹ 2,00,000 and Project B costs ₹ 2,20,000. Both projects have the same life of 5 years. The company anticipates a cost of capital of 10 percent and the after-tax cash flows are ₹ 80,000, ₹ 80,000, ₹ 60,000, ₹ 60,000 and ₹ 20,000 for the next 5 years for project A and ₹ 50,000, ₹ 50,000, ₹ 60,000, ₹ 90,000 and ₹ 90,000 for the next 5 years for project B.

(*i*) Determine Pay Back (PB) and Profitability Index (PI) for both the projects.

(*ii*) Which project would you recommend ? 10

एक कंपनी विचार कर रही है कि दो परस्पर अनन्य रूप वाली परियोजनाओं में से किसे ले । परियोजना A की लागत ₹ 2,00,000 और परियोजना B की लागत ₹ 2,20,000 है । दोनों परियोजनाओं का जीवन एक जैसा 5 साल का है । कंपनी को आशा है कि 10% पूँजी लागत आएगी और कर चुकाने के बाद रोकड़ प्रवाह अगले 5 वर्षों के लिए परियोजना A के लिए ₹ 80,000, ₹ 80,000, ₹ 60,000, ₹ 60,000 और ₹ 20,000 तथा परियोजना B के लिए अगले पाँच वर्षों के लिए ₹ 50,000, ₹ 50,000, ₹ 60,000, ₹ 90,000 और ₹ 90,000 हैं ।

(*i*) दोनों परियोजनाओं के लिए पेबैक (PB) और लाभप्रदता सूचकांक (PI) का निर्धारण कीजिए ।

(*ii*) आप किस परियोजना की सिफारिश करेंगे ?

2. (*a*) "New issue of capital is costlier than the retained earnings." How and what makes these two to differ ? 5

"पूँजी का नया निर्गम, प्रतिधारित आयों से अधिक कीमती होता है ।" इन दोनों में अंतर कैसे और किस कारण होता है ?

(*b*) The following is the capital structure of Blue Dart Company Ltd.

| **Particulars** | **Amount** (in ₹) |
|---|---|
| Equity Shares : 20,000 shares of ₹ 100 each | 20,00,000 |
| 9% Preference shares of ₹ 100 each | 5,00,000 |
| 8% Debentures of ₹ 100 each | 5,00,000 |

The market price of the company's shares is ₹ 125 and it is expected that a dividend of ₹ 12 per share would be declared after 1 year. The dividend growth rate is 8%.

(*i*) If the company is in the 40% tax bracket, compute the weighted average cost of capital.

(*ii*) Assuming that in order to finance an expansion plan, the company intends to borrow a fund of ₹ 20,00,000 bearing 11% rate of interest. What will be the company's revised weighted average cost of capital ? This financing decision is expected to increase dividend from ₹ 12 to ₹ 15 per share. However, the market price of Equity share is expected to decline from ₹ 125 to ₹ 110 per share. 10

ब्लू डार्ट कंपनी लिमिटेड की पूँजी संरचना निम्नलिखित है :

| **विवरण** | **राशि** (₹ में) |
|---|---|
| ईक्विटी शेयर : ₹ 100 वाले 20,000 ईक्विटी शेयर | 20,00,000 |
| ₹ 100 वाले 9% अधिमान शेयर | 5,00,000 |
| ₹ 100 वाले 8% डिबेन्चर | 5,00,000 |

कंपनी के एक शेयर की बाजार कीमत ₹ 125 है और आशा की जाती है कि 1 वर्ष बाद ₹ 12 प्रति शेयर लाभांश घोषित किया जाएगा । लाभांश वृद्धि दर 8% है ।

(*i*) यदि कंपनी 40% कर ब्रैकिट में है । पूँजी की भारित लागत का अभिकलन कीजिए ।

(*ii*) मान लीजिए कि विस्तार योजना को वित्त उपलब्ध कराने के लिए कंपनी ₹ 20,00,000 की राशि उधार लेना चाहती है जिस पर 11% दर से ब्याज लगेगा । कंपनी की पुनरीक्षित भारित औसत पूँजी लागत क्या होगी ? वित्त उपलब्ध कराने के इस निर्णय से लाभांश के ₹ 12 से बढ़कर ₹ 15 प्रति शेयर होने की संभावना है । तथापि ईक्विटी शेयर के बाजार भाव घटकर ₹ 125 से ₹ 110 प्रति शेयर रह जाने की आशा है ।

*Or*

**(अथवा)**

(*c*) Distinguish between operating leverage and financial leverage. How the two leverage can be measured ? 6

प्रचालन लीवरेज और वित्तीय लीवरेज में अंतर बताइए । इन दोनों लीवरेजों को कैसे मापा जा सकता है ?

(*d*) Tata Steel Ltd. has equity share capital of ₹ 50,00,000 (face value ₹ 100) and 10% Debentures of ₹ 50,00,000. To meet the expenditure of an expansion program, the company wishes to raise ₹ 30,00,000 and is having the following two alternative sources to raise the funds :

**Plan A** : To have full money from the issue of Equity shares.

**Plan B** : To have ₹ 15,00,000 from equity shares issued and ₹ 15,00,000 from borrowings from the financial institutions @10%.

The company is having present earnings of ₹ 16,50,000. The corporate tax is 40%. New equity shares will be issued at ₹ 120 per share.

(*i*) Find out the EPS and select a suitable plan out of the above two plans to raise the required funds.

(*ii*) Find out the indifference level of EBIT between Plan A and Plan B. 9

टाटा स्टील लिमिटेड के पास ₹ 50,00,000 (अंकित मूल्य ₹ 100) के ईक्विटी शेयरों और ₹ 50,00,000 के 10% वाले डिवेन्चरों की पूँजी है। विस्तार कार्यक्रम के खर्चों को पूरा करने के लिए कंपनी ₹ 30,00,000 प्राप्त करना चाहती है और पैसा प्राप्त करने के लिए उसके पास दो विकल्प स्रोत हैं :

**योजना A** : ईक्विटी शेयरों के निर्गम से पूरा पैसा प्राप्त करे ।

**योजना B** : निर्गमित ईक्विटी शेयरों से ₹ 15,00,000 और वित्तीय संस्थाओं से 10% की दर पर ₹ 15,00,000 उधार ले ले ।

कंपनी की वर्तमान आयें ₹ 16,50,000 है । कंपनी कर 40% है । नए ईक्विटी शेयरों का निर्गम ₹ 120 प्रति शेयर पर किया जाएगा ।

(*i*) EPS को ज्ञात कीजिए और उपर्युक्त दो योजनाओं में से एक उपयुक्त योजना को, वांछित निधि प्राप्त करने के लिए चुनिए ।

(*ii*) योजना A और योजना B के बीच EBIT का अनधिमान स्तर ज्ञात कीजिए ।

3. (*a*) The following data relate to a firm in the cotton textile industry :

| | |
|---|---|
| Number of shares outstanding | 1,00,000 |
| Earnings of the Company | ₹ 5,00,000 |
| Dividends paid | ₹ 4,00,000 |
| Rate of return on investment | 12% |
| Price Earning ratio | 10 |

If Walter's Model is used, are you satisfied with the current dividend policy of the company ? If not, what should be the optimal dividend payout ratio ? 8

कॉटन टेक्सटाइल उद्योग में संलग्न एक फर्म का डाटा निम्नलिखित है :

| | |
|---|---|
| बकाया शेयरों की संख्या | ₹ 1,00,000 |
| कंपनी की आयें | ₹ 5,00,000 |
| दिया गया लाभांश | ₹ 4,00,000 |
| निवेश पर प्रतिफल की दर | 12% |
| कीमत-उपार्जन अनुपात | 10 |

यदि वाल्टर मॉडल का प्रयोग किया जाए तो क्या आप कंपनी की मौजूदा लाभांश नीति से संतुष्ट हैं ? यदि नहीं, तो इष्टतम लाभांश पेआउट अनुपात क्या होना चाहिए ।

(*b*) The MM hypothesis realistic with respect to capitals structure and value of the firm in actual practice. If not, what are the main weaknesses ? 7

MM परिकल्पना पूँजी-संरचना की दृष्टि से और वास्तविक व्यवहार में फर्म का मूल्य यथार्थवादी है । यदि नहीं, तो मुख्य कमजोरियाँ क्या हैं ?

*Or*

**(अथवा)**

(*c*) "Issue of bonus shares does not affect the liquidity position of the company." Comment on the above in the light of effects of bonus. 5

"बोनस शेयरों का निर्गम कंपनी की नकदी स्थिति को प्रभावित नहीं करता है ।" बोनस के प्रभावों के प्रकाश में उपर्युक्त कथन पर टिप्पणी कीजिए ।

(*d*) Gold Textile Ltd. has outstanding 2 lacs shares selling at ₹ 50 per share. The company is considering to pay a dividend of ₹ 5 per share at the end of the current year. The capitalization rate for the risk class of the firm is 20%. Using Modigliani and Miller's Model you are required :

(*i*) To calculate the market price of the share at the end of the current year if :

(*a*) dividends are paid and

(*b*) dividends are not paid.

(*ii*) To determine the number of shares to be issued if the company earns ₹ 20 lacs, pays dividends and makes new investments of ₹ 32 lacs. 10

गोल्ड टेक्सटाइल्स लिमिटेड के पास 2 लाख शेयर बाकी हैं जो ₹ 50 प्रति शेयर पर बिक रहे हैं । कंपनी चालू वर्ष के अंत में ₹ 5 प्रति शेयर लाभांश देने पर विचार कर रही है । जोखिम वर्ग की फर्म के लिए पूँजीकरण दर 20% है। मोदिग्लियानी और मिलर मॉडल का प्रयोग करके आपको यह करना है :

(*i*) चालू वर्ष के अंत में शेयर के बाजार भाव का परिकलन कीजिए यदि :

(*a*) लाभांश दिए गए हैं और

(*b*) लाभांश नहीं दिए गए हैं ।

(*ii*) कंपनी द्वारा जारी किए जाने वाले शेयरों की संख्या का निर्धारण कीजिए यदि कंपनी ₹ 20 लाख अर्जित करती है, लाभांश देती है और ₹ 32 लाख का नया निवेश करती है ।

4. (*a*) "Working capital management deals with decision regarding the appropriate mix and level of current assets and current liabilities." Explain the statement. 5

''कार्यशील पूँजी प्रबंध, उपयुक्त मिश्र और चालू परिसंपत्तियों और चालू देयताओं के बारे में निर्णय लेने का काम करता है ।'' इस कथन की व्याख्या कीजिए ।

(*b*) A Pro forma cost sheet of a company provides the following particulars :

**Estimated Cost per unit :**

| | |
|---|---|
| Raw Material | ₹ 100 |
| Direct Labour | ₹ 40 |
| Overheads | ₹ 60 |
| Total Cost | ₹ 200 |

*Additional Information* :

- Selling price ₹ 250 per unit
- Level of activity 1,04,000 units of production per annum
- Raw material in stock, average 4 weeks
- Work in progress, average 2 weeks
- Finished goods in stock, average 4 weeks

- Credit allowed by supplier, average 4 weeks
- Credit allowed to debtors, average 8 weeks
- Lag in payment of wages, average 2 weeks
- Cash at bank is expected to be 10% of Gross working capital.

Production is carried on evenly throughout the year (52 weeks) and wages and overheads accrue similary. 25% of the sales are on cash basis. You are required to prepare a statement of the working capital requirement. 10

कंपनी की प्रोफॉर्मा लागत शीट निम्नलिखित विवरण उपलब्ध कराती है :

अनुमानित लागत प्रति यूनिट :

| | |
|---|---|
| कच्चा माल | ₹ 100 |
| प्रत्यक्ष श्रम | ₹ 40 |
| उपरिव्यय | ₹ 60 |
| कुल लागत | ₹ 200 |

**अतिरिक्त सूचनाएँ :**

- विक्रय क़ीमत ₹ 250 प्रति यूनिट
- गतिविधि का स्तर उत्पादन 1,04,000 यूनिट प्रति वर्ष

- स्टॉक में कच्चा माल–औसतन 4 सप्ताह के लिए
- कार्य प्रगति पर–औसतन 2 सप्ताह
- स्टॉक में तैयार माल–औसतन 4 सप्ताह
- सप्लायर द्वारा स्वीकृत क्रेडिट–औसतन 4 सप्ताह
- देनदारों को स्वीकृत क्रेडिट–औसतन 8 सप्ताह
- मजदूरियों की अदायगी में पश्चता–औसतन 2 सप्ताह
- बैंक में रोकड़ सकल कार्यशील पूँजी के 10% होने की संभावना है ।

उत्पादन सारे साल (52 सप्ताह) समान रूप में किया गया है । बिक्री के 25% कैश आधार पर हैं । आपको कार्यशील पूँजी की आवश्यकता का विवरण तैयार करना है ।

*Or*

**(अथवा)**

(*c*) Cash Budget is an important technique of cash management. Explain. 5

रोकड़ बजट, रोकड़ प्रबंध की एक महत्त्वपूर्ण तकनीक है। व्याख्या कीजिए ।

(*d*) Supreme Co. Ltd. has present annual sale is ₹ 40 lacs. The selling price is ₹ 20 per unit, variable cost is ₹ 12 per unit and annual fixed cost amount to ₹ 5,00,000. The present credit period is one month and 1% bad debts to sales. The company is contem-

plating an increase in the credit period to either 2 months or 3 months with a view to increasing sales. Some other details are as under :

| | **1 month** | **2 months** | **3 months** |
|---|---|---|---|
| Increase in sales by | — | 10% | 30% |
| % of bad debts to sales | 1% | 2% | 5% |

The company expects return @ 20% on investment. Fixed cost will increase by ₹ 75,000 when sales will increase by 30%. Which credit policy should the company adopt ? 10

सुप्रीम कंपनी लिमिटेड की मौजूदा वार्षिक बिक्री ₹ 40 लाख की है । विक्रय कीमत ₹ 20 प्रति यूनिट, परिवर्ती लागत ₹ 12 प्रति यूनिट और वार्षिक स्थिर लागत राशि ₹ 5,00,000 है । मौजूदा क्रेडिट अवधि 1 माह है और बिक्री का 1% अशोध्य ऋण है । कंपनी क्रेडिट अवधि को बढ़ाकर 2 माह या 3 माह करना चाहती है ताकि बिक्री बढ़ सके । कुछ और तफसीलें इस प्रकार हैं :

| | **1 माह** | **2 माह** | **3 माह** |
|---|---|---|---|
| इतनी बिक्री बढ़ेगी | — | 10% | 30% |
| बिक्री का अशोध्य ऋण प्रतिशत | 1% | 2% | 5% |

कंपनी निवेश पर 20% की दर से प्रतिफल की आशा करती है । स्थिर लागत ₹ 75,000 बढ़ जाएगी यदि बिक्री 30% बढ़ जायगी । कंपनी को किस क्रेडिट नीति को अपनाना चाहिए ?

5. (*a*) "Financial Management is nothing but managerial decision making in asset-mix, capital mix and profit-allocation." Comment. 7

"वित्तीय प्रबंध, परिसंपत्ति-मिश्र, पूँजी-मिश्र और लाभ विनिधान में प्रबंधकीय निर्णय लेने के अतिरिक्त कुछ भी नहीं ।" टिप्पणी कीजिए ।

(*b*) Pfizer Industries Ltd. uses 6,000 tonnes of steel in a year. The purchase price is ₹ 15,000 per tonne. However the supplier offered a discount of 1% on price per tonne if order size is at least 200 tonnes. The ordering cost is ₹ 3,600 per order and carrying cost is 20% of inventory value :

(*i*) Find Economic Order Quantity.

(*ii*) What should be the ordering policy of purchase manager ? 8

फाइज़र इंडस्ट्रीज लिमिटेड एक वर्ष में 6,000 टन स्टील प्रयोग में लेती है । इसकी खरीद कीमत ₹ 15,000 प्रति टन है । तथापि सप्लायर 1% बट्टा प्रति टन देने का प्रस्ताव रखता है यदि आदेश कम-से-कम 200 टन का हो । इसके आदेश भेजने की लागत ₹ 3,600 प्रति ओदश और रख-रखाव लागत मालसूची मूल्य की 20% है :

(*i*) आर्थिक आदेश मात्रा ज्ञात कीजिए ।

(*ii*) क्रय प्रबंधक की आदेश नीति क्या होनी चाहिए ?

*Or*

**(अथवा)**

(*c*) Write short notes on : 3×5=15

(*i*) Traditional Theory of Capital Structure

(*ii*) Operating Cycle

(*iii*) Risk-Return Trade off.

निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :

(*i*) पूँजी संरचना का परंपरागत सिद्धांत

(*ii*) प्रचालन चक्र

(*iii*) जोखिम-वापसी ट्रेड ऑफ ।